केमिकल से बनती थी नकली शराब, चार दबोचे

Publish Date:Sat, 12 May 2018 11:32 PM (IST)

मैनपुरी, कुसमरा : जिले में अवैध शराब का धंधा थम नहीं रहा। कुसमरा क्षेत्र में पुलिस ने फिर

मैनपुरी, कुसमरा : जिले में अवैध शराब का धंधा थम नहीं रहा। कुसमरा क्षेत्र में पुलिस ने फिर नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी। यहां केमिकल से देशी शराब बनाई जा रही थी। छापा मारकर पुलिस ने नकली शराब, खाली बोतलें, ढक्कन और रैपर भी बरामद किए। चार शराब तस्करों को भी दबोच लिया गया।

शनिवार सुबह करीब 4.30 बजे किशनी पुलिस ने चौकी कुसमरा क्षेत्र में रामनगर रोड पर बने गौरव यादव के मकान पर छापा मारा। पुलिस को देख यहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने भाग रहे चार लोगों को दबोच लिया। गौरव के मकान की तलाशी ली गई तो नकली शराब के 512 क्वार्टर, 14 सौ खाली शराब के क्वार्टर, 12 सौ ढक्कन और देशी शराब करीना ब्रांड के रैपर मिले। यहां केमिकल से शराब बनाई जा रही थी। मौके से चार ड्रम केमिकल भी बरामद किया गया। 28 खाली गत्ते, बोतलें और उन्हें सील करने की मशीन भी पुलिस ने बरामद की। शराब तस्करों की एक वैगन-आर कार भी मिली।

पुलिस ने बताया कि मौके से फैक्ट्री संचालक गौरव यादव के अलावा उसके साथी निर्मल ¨सह राठौर, सूरज राठौर और इमरान निवासी कटरा मुहल्ला कुसमरा को दबोच लिया गया है। गौरव यादव मूल रूप से किशनी के सोनासी गांव का रहने वाला है। कुछ समय से रामनगर रोड पर मकान बनाकर रह रहा है। गौरव यादव ने बताया कि बेवर क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी मोनू ठाकुर उसकी शराब फैक्ट्री में पार्टनर है। बरामद वैगन-आर कार बेवर क्षेत्र के गांव मानपुर हरी निवासी सोनू प्रधान की है। पुलिस के अनुसार दो माह पहले भी इस मकान पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब बरामद हुई थी। उस समय गौरव यादव फरार हो गया था।

शराब पकड़े जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अजय शंकर राय भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/mainpuri-mainpurichemical-was-made-from-imitation-alcohol-17947064.html